युवा • शिक्षा • अवसर

डीएवीवी • स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के बीबीए-एमबीए छात्रों को मुंबई से आए एक्सपर्ट्स दे रहे प्रशिक्षण

बैंकिंग-इंश्योरेंश सेक्टर में जॉब के लिए तैयार हो रहे छात्र, 30 दिनों तक रोज 4 घंटे ले रहे ट्रेनिंग

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के बीबीए व एमबीए के चुनिंदा छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट के लिए पहली बार स्पेशल ट्रेनिंग शुरू की गई है। बैंकिंग, इंश्योरेंश व फाइनेंशियल सर्विसेस में अपना करियर बनाने के इच्छुक 40 चुनिंदा छात्रों को इसमें शामिल किया गया है। पूरे एक माह तक तीन सेक्टर के एक्सपर्ट्स इन छात्रों को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

खास बात यह है कि मुंबई से खास तौर पर कई एक्सपर्ट आए हैं। रोजाना तीन से चार घंटे तक सेमिनार हॉल में ट्रेनिंग के जरिए छात्रों को जॉब के लिए तैयार किया जा रहा है। इस ट्रेनिंग में स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के एमबीए (फाइनेंशियल सर्विसेस, बिजनेस इकोनॉमिक्स) व बीबीए के नए कोर्स के छात्र शामिल हैं। एमबीए के थर्ड सेमेस्टर के छात्रों को मौका दिया गया है, क्योंकि इन्हें अगले कुछ माह में प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल होना है। विभाग के डायरेक्टर डॉ. कन्हैया आहूजा का कहना है कि यह स्पेशल ट्रेनिंग छात्रों को बैंकिंग सेक्टर में हर कैटेगरी की जॉब के लिए तैयार करेगी। यही नहीं इंश्योरेंस सेक्टर व फाइनेंस से जुड़ी तमाम संभावनाओं के लिए छात्र ट्रेनिंग के जरिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

ऐसे तैयार हो रहे छात्र

- **जॉब के अवसरों की जानकारी :** बैंकिंग, इंश्योरेंश व फाइनेंस की फील्ड में भविष्य में कितने और किस तरह के जॉब अवसर हैं, इसके बारे में आंकड़ों व ग्लोबल रिपोर्ट के आधार पर विस्तार से बताया जा रहा है।
- **प्लेसमेंट की तैयारी :** इन क्षेत्रों में जॉब के लिए होने वाले प्लेसमेंट को लेकर खुद को कैसे तैयार करें, यह भी ट्रेनिंग का हिस्सा है।
- **पर्सनैलिटी और कम्युनिकेशन स्किल :** छात्रों को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन स्किल व मार्केटिंग जैसे बिंदुओं पर तैयार किया जा रहा है।
- **स्पेशलाइजेशन के अनुसार ट्रेनिंग :** स्पेशलाइजेशन सब्जेक्ट व पसंदीदा फील्ड के मुताबिक छात्रों की स्किल डेवलप की जा रही है। उन्हें कंटेंट व नोट्स उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

लगातार होगी ट्रेनिंग, अब इन सेक्टर में प्लेसमेंट पर भी फोकस

जानकारी के अनुसार ट्रेनिंग की शुरुआत 17 अक्टूबर से हुई है, जो 16 नवंबर तक चलेगी। इसके बाद एक ट्रेनिंग की एक नई बैच और शुरू की जाएगी। भविष्य में लगातार ट्रेनिंग होगी। अलग-अलग फील्ड से जुड़े एक्सपर्ट बुलाए जाएंगे। प्रोफेसर डॉ. विशाखा कुटुंबले का कहना है कि सामान्य तौर पर कोई भी ट्रेनिंग 3 से 10 दिन की होती है, लेकिन यह पूरे महीने चलेगी। इसकी वजह यह है कि किसी भी सेक्टर को बारीकी से समझने व भविष्य की संभावनाओं को जानने के लिए 30 दिन का समय मिलना चाहिए। छात्रों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है, इसलिए स्किल डेवलपमेंट, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, विषय विशेषज्ञता के लिए अलग-अलग सेशन हो रहे हैं। सभी छात्रों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. आहूजा का कहना है कि हम आगे भी इन्हीं सेक्टर में छात्रों को ट्रेनिंग देंगे। इसके लिए प्लेसमेंट सेल के साथ भी समन्वय करेंगे, ताकि जॉब के लिए ज्यादा से ज्यादा मौके मिल सके।

छात्राओं को महिला सुरक्षा व न्याय से जुड़ी जानकारी दी

इंदौर | ओल्ड जीडीसी (माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय) में गुरुवार को छात्राओं की सुरक्षा व सतर्कता को लेकर जनसुरक्षा एवं युवा सृजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को सुरक्षा एवं न्याय से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अफसर मुख्य तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में



मुख्य वक्ता एडीसीपी प्रभारी, महिला सुरक्षा शाखा प्रियंका डुडवे थीं।

एसीपी जूनी इंदौर विजय चौधरी ने व्यावहारिक उदाहरणों के जरिए छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने कहा- समय रहते सावधानी बरतकर अनेक संभावित अपराधों से बचाव किया जा सकता है। उपनिरीक्षक डीएस गोर ने साइबर अपराधों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अशोक सचदेवा सहित सीनियर प्रोफेसर मौजूद थे।

सेज यूनिवर्सिटी में माइक्रोसॉफ्ट कैंपस क्लब की हुई शुरुआत

इंदौर | NAAC A+ सेज यूनिवर्सिटी इंदौर में माइक्रोसॉफ्ट कैंपस क्लब की शुरुआत की गई है। इस क्लब के माध्यम से स्टूडेंट्स को तकनीक से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने और एक-दूसरे के साथ मिलकर सीखने का मौका मिलेगा। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया इससे स्टूडेंट्स को नई तकनीक सीखने, नए विचारों पर काम करने और अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। विश्वविद्यालय को क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भी जगह मिली है। ये उपलब्धियां



विश्वविद्यालय में अच्छी शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती हैं। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों को शोध करने एवं नए विचारों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। माइक्रोसॉफ्ट कैंपस क्लब की पुष्टि विश्वविद्यालय की इन कोशिशों में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

SLAT 2027... मॉक टेस्ट 22 नवंबर को होगा

नई दिल्ली | सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (SLAT) 2027 के फाइनल मॉक टेस्ट की तारीख घोषित कर दी है। मॉक टेस्ट 22 नवंबर को सुबह 9 से शाम 7 बजे तक ऑनलाइन आयोजित होगा। इसमें शामिल होने के लिए 1 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन करना होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 4 दिसंबर है। परीक्षा 19 और 26 दिसंबर को होगी। मॉक टेस्ट से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न समझने, सवालों का अभ्यास करने, समय प्रबंधन और ऑनलाइन परीक्षा प्रक्रिया से परिचित होने में मदद मिलेगी।

यूटीडी व होस्टलों में आकस्मिक निरीक्षण करेगा दल

नशा रोकने के लिए बनाई कमेटियां, सभी 30 विभागों व 15 होस्टलों की हर माह की रिपोर्ट तैयार होगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के 30 टीचिंग विभागों व 15 से ज्यादा होस्टलों में नशे पर रोक लगाने के लिए अलग-अलग कमेटी व स्पेशल उड़नदस्ता गठित किया गया है। यह दस्ता अब शाम या रात के समय किसी भी होस्टल में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण करेगा। दिन के समय किसी भी टीचिंग विभाग में पहुंचकर टीम निरीक्षण करेगी। इस दौरान कोई छात्र या छात्रा नशा करते पाए जाते हैं तो पहले समझाइश दी जाएगी, उसके बाद कार्रवाई होगी।

पहली बार : सीसीटीवी से रखेंगे नजर

पहली बार छात्रों की नशे से जुड़ी गतिविधियों पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जाएगी। डीएवीवी में आईईटी, आईएमएस, आईआईपीएस व स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे बड़े इंस्टिट्यूट के साथ ही सभी विभागों में सीसीटीवी लगे हैं। अब विभागाध्यक्ष व विभिन्न कमेटियां इसके जरिए भी नशे की गतिविधि पर नजर रखेंगी। सबसे ज्यादा फोकस होस्टलों पर रहेगा। यहां वार्डन व चीफ वार्डन के साथ समन्वय कर, टीम आकस्मिक निरीक्षण करेगी। पहली बार कार्रवाई यूनिवर्सिटी स्तर पर नहीं, बल्कि शासन स्तर पर होगी।

ऐसे होगी नशे के खिलाफ मॉनिटरिंग

नशा मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इसमें छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा नशा मुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। कैंपस इको सिस्टम बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों एवं जिम्मेदार नागरिकों को साथ लेकर क्लब आधारित गतिविधियां चलाई जाएंगी। अब विश्वविद्यालय में ही एक समय पर दीक्षारंभ कार्यक्रम खेल आयोजन, सांस्कृतिक व दीक्षांत समारोह होंगे, उसमें भी नशा रोकने के अभियान को प्राथमिकता पर रखा जाएगा। नशा रोकने के लिए बनाए गए उड़नदस्ते में छात्र कल्याण डीन डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, चीफ वार्डन, जीएल प्रजापति, एसएसएस समन्वयक डॉ. प्रकाश गढ़वाल, प्रो. सुरेश पाटीदार, प्रो. सखाराम मुजाल्दे व 2 पीजी छात्र एवं 2 रिसर्च स्कॉलर शामिल किए गए हैं।

नीट एसएस के आवेदन शुरू, 18 नवंबर तक छात्र करें अप्लाई

एजुकेशन न्यूज | नईदिल्ली

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज ने नीट एसएस (सुपर स्पेशिएलिटी) 2026 का सूचना बुलेटिन जारी कर दिया है। आवेदन 29 अक्टूबर से शुरू हो गए हैं। पात्र उम्मीदवार 18 नवंबर तक natboard.edu.in पर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 2026-27 सत्र के लिए DM, MCh और DrNB सुपर स्पेशिएलिटी कोर्स में प्रवेश के लिए होगी। परीक्षा 11 और 12 दिसंबर को होगी। रिजल्ट 12 जनवरी तक जारी होने की संभावना है।

योग्यता: उम्मीदवार के पास MD, MS, DNB या समकक्ष मान्यता प्राप्त पोस्टग्रेजुएट मेडिकल डिग्री या प्रोविजनल पास सर्टिफिकेट होना चाहिए। यह योग्यता 31 जनवरी 2027 तक हासिल करना जरूरी है। साथ ही NMC या स्टेट मेडिकल काउंसिल का स्थायी या अस्थायी रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। इसका प्रमाण परीक्षा केंद्र और काउंसलिंग में मांगा जा सकता है। अधिकतम आयु सीमा नहीं है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001
(जनकार्य एवं उद्यान विभाग)

क्रमांक-1547/जन.वि./ई-टेंडरिंग/2026 खण्डवा, दिनांक-27/10/2026

-:: निविदा विज्ञप्ति ::-

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट http ://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑन लाइन पोर्टल	कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_545432_1	मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत दादाजी वार्ड क्र. 27 में सी.सी. रोड, क्रॉसिंग एवं नाली निर्माण का कार्य।	50.00 Lacs	50,000/-	5,000/-	60 दिन

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक : 26/11 / 2026 (शाम 5.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक : 28/11/ 2026 (प्रात : 10.30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http ://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाईट पर देखा जा सकता है। कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम, खण्डवा

नगर निगम चंडीगढ़

शुद्धिपत्र-III

संगठन श्रृंखला: नगर निगम/इंजीनियरिंग-MCC/जन स्वास्थ्य प्रभाग II, चंडीगढ़
RFP संदर्भ: MCPH2/2026/70
RFP ID: 2026_MCC_95976_1
शीर्षक: चंडीगढ़ में नगर निगम धोबी घाटों पर एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) के डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण, कमीशनिंग और व्यापक संचालन एवं रखरखाव के लिए आरएफपी।

संशोधन इस संबंध में है:
सबमिशन की चेकलिस्ट: (बिंदु 4: परिशिष्ट 1 - अनुबंध-I: बोलीदाता का विवरण (भाग-b) काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र)
और
अनुबंध-I: बोलीदाता का विवरण (बिंदु 1 (e): काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के साथ पंजीकृत पार्टनर/निदेशक का नाम' (प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा)।
अब, स्वीकृत RFP में इसकी आवश्यकता नहीं है/इसे हटा दिया गया है और यह अब RFP दस्तावेजों का हिस्सा नहीं है। परिणामस्वरूप, बोली जमा करने और खोलने की समय-सारणी बढ़ा दी गई है। अब RFP 30.10.2026 की पूर्व निर्धारित तिथि के बजाय 04.11.2026 को दोपहर 03:00 बजे प्राप्त और खोली जाएगी।
इस कार्यालय के पत्र संख्या 5681-90, दिनांक 09.10.2026 के माध्यम से जारी उपरोक्त RFP नोटिस की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यकारी अभियंता
एम.सी.पी.एच. डिवीजन सं. 2, निकट करुणा सदन भवन, सेक्टर 11, चंडीगढ़, ईमेल: eemcphd2@gmail.com

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
अधीक्षक अभियंता का कार्यालय, डीएस सर्कल, पीएसपीसीएल, पटियाला, 66 केवी ग्रिड सब स्टेशन कॉलोनी, डीसीडब्ल्यू रोड, पटियाला -147001 (पंजाब), 96461-01201, 96461-10963 ई-मेल: circlepatiala1@gmail.com
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)

निविदा पूछताछ संख्या: 38/SE/DS Circle, Patiala/2026-27 दिनांक: 28.10.2026

अधीक्षक अभियंता/डीएस सर्कल, पीएसपीसीएल, पटियाला द्वारा डीएस डिवीजन मॉडल टाउन के अंतर्गत डीएस सर्कल पटियाला के तहत विभिन्न कार्यों जैसे कि नलकूप कनेक्शन जारी करना, जीएससी/आईएससी कनेक्शन, ओवरलोडेड टी/एफ का लोड कम करना, उपभोक्ता परिसरों से बाहर मीटर स्थानांतरित करना, कंडक्टर बदले बिना एचटी/एलटी लाइनों का निवारक रखरखाव या अतिरिक्त खंभे लगाना, डीटी/लाइनों की अर्थिंग या किसी भी विकास कार्य के लिए रेल/पीसीसी खंभों पर नई 11केवीएलटी/एचटी लाइनों के निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, वितरण टी/एफ, एसीएसआर का संवर्द्धन/सैग (झुकना), केबल बिछाना, गार्डिंग, स्टे सेट के श्रम भाग (लेबर पार्ट) की आउटसोर्सिंग के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत एनआईटी (NIT) और निविदा विशिष्टताओं के लिए कृपया दिनांक 28.10.2026, शाम 06:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर जाएं।
नोट: शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो ऑनलाइन https://eproc.punjab.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।
1079/12/2026-27/16628 C1026/26

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
अधीक्षक अभियंता का कार्यालय, डीएस सर्कल, पीएसपीसीएल, पटियाला, 66 केवी ग्रिड सब स्टेशन कॉलोनी, डीसीडब्ल्यू रोड, पटियाला -147001 (पंजाब), 96461-01201, 96461-10963 ई-मेल: circlepatiala1@gmail.com
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)

निविदा पूछताछ संख्या: 39/SE/DS Circle, Patiala/2026-27 दिनांक: 28.10.2026

अधीक्षक अभियंता/डीएस सर्कल, पीएसपीसीएल पटियाला, डीएस वेस्ट डिवीजन पटियाला के तहत डीएस सर्कल पटियाला के अंतर्गत रेल/पीसीसी पोल पर नई 11KVLT/HT लाइनों के निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (Commissioning) के लिए श्रम भाग (Labour Part) की आउटसोर्सिंग, वितरण टी/एफ (T/Fs) की वृद्धि /सैगिंग और एसीएसआर (ACSR) की एचटी/एलटी (HT/LT) लाइनें, केबल बिछाने, गार्डिंग, स्टे सेट के लिए ई-निविदा (e-tender) आमंत्रित करते हैं। इसके अलावा विभिन्न कार्य जैसे कि टी/वेल (T/Well) कनेक्शन जारी करना, जीएससी/आईएससी कनेक्शन, ओवरलोडेड टी/एफ (T/Fs) की डीलोडिंग, उपभोक्ता परिसरों से बाहर मीटरों की शिफ्टिंग, अतिरिक्त पोल डालने या कंडक्टर बदलने के बिना एचटी/एलटी (HT/LT) लाइनों का निवारक रखरखाव, डीटी (DTs)/लाइनों की अर्थिंग या कोई भी विकास कार्य शामिल हैं। विस्तृत एनआईटी (NIT) और निविदा विशिष्टताओं के लिए कृपया 28.10.2026, शाम 06:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर जाएं।
नोट: शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो ऑनलाइन https://eproc.punjab.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।
1079/12/2026-27/16629 C1027/26

कार्यालय, नगर पंचायत सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Email : cmonpsariya@gmail.com

क्रमांक/1262/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 सरिया, दिनांक : 28/10/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि (रू. लाख में)	निविदा ऑनलाईन सबमिट करने की अंतिम तिथि
1	202956	Construction & Beautification Work Of Rama Talab At Nagar Panchayat Sariya	180.20 (Sor item 166.99 lacs and Non Sor item 13.21 lacs)	18-11-2026 05:30 PM

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरिया
जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जोबट जिला अलिराजपुर (म.प्र.)
email Id awmjobjha.mp@nic.in

क्रमांक/मण्डीं/ निर्माण/2026-27/954 जोबट, दिनांक 28.10.2026

// बी० ओ० टी० के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना//

कृषि उपज मंडी समिति जोबट द्वारा ई- टेंडर प्रणाली के माध्यम से उपमंडी प्रागंण चंद्रशेखर आजाद नगर भाभरा जिला आलिराजपुर (म.प्र.) में स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी.) के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक तौलकांटा (क्षमता 10 मे. टन) की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_546097_1 ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 16.11.2026 को समय शाम 06:00 PM तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
जोबट जिला आलिराजपुर (म.प्र.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति
जोबट जिला आलिराजपुर (म.प्र.)

ई-नीलामी सूचना
ऋण वसूली अधिकरण
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवायें विभाग, (बैंकिंग प्रभाग)
(द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर म.प्र. 482001
प्रकरण संख्या : OAEX 223/2013 / ओ.ए. संख्या. 284/2010
ई-नीलामी क्रमांक 208/2026

PUNJAB NATIONAL BANK वि. M/s. SHRINATH TRADERS एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र क्रमांक RC No. OAEX 223/2013 in O.A. No. 284/2010 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.1,54,13,848/- (Rupees One Crore Fifty Four Lakh Thirteen Thousand Eight Hundred Forty Eight Only) तथा उस पर 17.50% प्रतिशत मासिक आधार पर ब्याज की गणना की दर से दिनांक 01-10-2010 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से की जायेगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय :- 09-12-2026 दोपहर: 12.00 से 1.00 बजे तक
संपत्ति की अनुसूची

क्र. स.	विक्रय हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विवरण	आरक्षित / न्यूनतम मूल्य	ई.एम.डी. राशि
1.	i) Land under survey No. 380/1 area 0.640 Hec, 380/3 area 0.490 Hec, 381/1 area 0.150 Hec, 381/3 area 0.630 Hec, 381/4 area 0.640 Hec situated at village Barbaikheda, Patwari Halka No. 40, Didali, RI circle 1, Harangaon, Tahsil Khategaon, District Dewas (M.P.).	For Property No. 01: Rs. 57,40,000.00 (Rupees Fifty Seven Lakh Forty Thousand Only)	For Property No. 01: Rs. 5,74,000.00 (Rupees Five Lakh Seventy Four Thousand Only)
	ii) Land under survey No. 146/03 & 146/2 (as per RC) as per valuation report and batankan of Khasra, Kh No. 146/3/1 area in Hec 0.1530, Kh No. 146/3/2/1 area in Hec. 0.1870, Kh No. 146/3/2/2 area in Hec 0.1000, Kh No. 146/2/1/1 area in Hec 0.1250, Kh No. 146/2/1/2/1 area in Hec 0.1250, Kh. No. 146/2/1/2/2/1 area in Hec 0.1580, Kh No. 146/2/1/2/2/2 area in Hec. 0.2850, Kh No. 146/2/2/1 area in Hec 0.0699, Kh No. 146/2/2/2 area in Hec. 0.0371, Total area admeasuring 1.2400, situated at village Durgapura Patwari Halka No. 49 Siya RI Circle Dewas-I Tehsil and District Dewas.	For Property No. 02: Rs. 73,70,000.00 (Rupees Seventy Three Lakh Seventy Thousand only)	For Property No. 02: Rs. 7,37,000.00 (Rupees Seven Lakh Thirty Seven Thousand only)
	संपत्ति पर विद्यमान भार/ प्रभार का विवरण:		ज्ञात नहीं है

विक्रय की शर्तें एवं नियम
1. विक्रय की सभी शर्तें ऋणों की वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 के प्रावधानों तथा आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय एवं तृतीय अनुसूचियों, आयकर (प्रमाणपत्र कार्यवाही) नियम, 1962 के साथ पठित प्रावधानों द्वारा शासित होंगी तथा समय-समय पर यथासंशोधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों से भी निर्देशित होंगी।
2. इच्छुक बोलीदाता निम्न सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं:

नीलामी एजेंसी	Bank Asset Auction Network (BAANKNET)
हेल्पलाईन नं.	+91-82912 20220
हेल्पलाईन ईमेल	support.baanknet@psballiance.com
बैंक अधिकारी	Shri Manish Sagar, Chief Manager, co sam, Mob. No. 97022 20362
संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं नियम	18-11-2026 दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक

3. इच्छुक बोलीदाता बोली प्रपत्र, विस्तृत विवरण एवं विक्रय की शर्तों हेतु वेबसाइट https://baanknet.com का अवलोकन करें।
4. बोलियाँ (bids) केवल ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जाएँगी। प्रत्येक बोली के साथ पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण, पहचान-पत्र, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा। कंपनी के मामले में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव (Board Resolution) की प्रमाणित प्रति अथवा कंपनी की ओर से प्रतिनिधित्व / अधिकार-पत्र (Power of Attorney/Authorization) को प्रमाणित करने वाला कोई अन्य वैध दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाएगा। बोलीदाता संपत्ति के विवरण, क्षेत्रफल / माप प्रभारों (Encumbrances), दायित्वों तथा अन्य संबंधित तथ्यों की शुद्धता एवं सत्यता के संबंध में स्वयं अपने स्तर पर संबंधित सरकारी कार्यालयों अथवा अन्य सक्षम स्त्रोतों से जांच-पड़ताल कर पूर्णत: संतुष्टहो लें। इस संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी त्रुटि, विसंगति, कमी अथवा विवाद के लिए ऋण वसूली अधिकरण (DRT) उत्तरदायी नहीं होगा।
5. आरक्षित मूल्य का 10% अर्थात रुपये For Property No. 01 Rs. 5,74,000.00 (Rupees Five Lakh Seventy Four Thousand only), For Property No.02 Rs.7,37,000.00 (Rupees Seven Lakh Thirty Seven Thousand only) ईएमडी के रूप में BAANKNET वॉलेट में जमा करना होगा तथा उसका विवरण बोली प्रपत्र में अंकित करना होगा।
6. ऑनलाइन बोली दिनांक 07-12-2026 को सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी।
7. ऑनलाइन प्रस्तुत बोली प्रपत्र एवं संलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, डीआरटी, जबलपुर, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (बीएसएनएल भवन), रेजीडेंसी रोड, मुख्य डाकघर के निकट दक्षिण सिविल लाइन्स, जबलपुर को यथाशीघ्र प्रेषित की जाएगी।
8. ऑनलाइन बोली प्रक्रिया प्राप्त उच्चतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक अगली बोली में न्यूनतम वृद्धि रु. Property No. 01 Rs.60,000.00 (Rupees Sixty Thousand only) For Property No. 02 Rs. 75,000.00 (Rupees Seventy Five Thousand only) होगी। नीलामी समाप्ति से पूर्व कोई बोली प्राप्त होने पर प्रणाली द्वारा नीलामी समय स्वत: 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा।
9. असफल बोलीदाताओं की ईएमडी उसी खाते में वापस की जाएगी जिससे भुगतान किया गया था। इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईएमडी जमा करने के पश्चात बोलीदाता उसे वापस नहीं ले सकेगा अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी।
10. स्थावर संपत्ति के मामले में सफल उच्चतम बोलीदाता को घोषणा के अगले दिन अपनी बोली स्वीकृत होने पर बोली राशि का 25% (ईएमडी घटाकर) CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR में वसूली अधिकारी ई-नीलामी खाता, डीआरटी जबलपुर, चालू खाता संख्या 5692799461 आईएफएससी कोड CBIN0281618 में RTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा। चूक होने पर संपत्ति पुन: विक्रय हेतु प्रस्तुत की जाएगी तथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
11. सफल बोलीदाता को शेष 75% राशि तथा विक्रय राशि का 1% पाउंडेज शुल्क एवं प्रत्येक संपत्ति पर अतिरिक्त रु. 10/- नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर, क्रम संख्या 10 में उल्लिखित चालू खाता संख्या 5692799461 में आरटीजीएस (RTGS) / एनईएफटी (NEFT) / मनी ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना होगा। यदि पंद्रहवाँ दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश का दिन हो, तो भुगतान उसके पश्चात् आने वाले प्रथम कार्य दिवस पर किया जा सकेगा। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न किए जाने की स्थिति में, संपत्ति के विक्रय हेतु नवीन विक्रय उद्घोषणा (Fresh Proclamation of Sale) जारी कर पुन: नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त (Forfeited) कर ली जाएगी तथा चूक करने वाला क्रेता (Defaulting Purchaser) संपत्ति अथवा उसके पुनर्विक्रय से प्राप्त किसी भी राशि पर अपना समस्त दावा एवं अधिकार खो देगा।
12. संपत्ति का विक्रय 'जैसी है जहाँ है तथा बिना किसी शिकायत के आधार पर' (As is Where is and No Complaint Basis) किया जाएगा।
13. संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा।
14. वसूली अधिकारी को बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा विक्रय स्थगित / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
15. इच्छुक बोलीदाता बैंक के पास उपलब्ध स्वामित्व अभिलेखों का अवलोकन करें तथा संपत्ति की पहचान, विवरण एवं भार आदि की स्वयं जांच करें। इसकी शुद्धता के लिए डीआरटी उत्तरदायी नहीं होगा।
16. बोलीदाता अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। इंटरनेट, नेटवर्क, सिस्टम क्रैश या विद्युत व्यवधान के लिए डीआरटी / बैंक / सेवा प्रदाता उत्तरदायी नहीं होंगे।
17. उच्चतम बोली 'अनुमोदन के अधीन' अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी। विक्रय की पुष्टि होने तक बोलीदाता को संपत्ति पर कोई अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा।
18. विक्रय पर लागू स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क एवं अन्य वैधानिक शुल्क सफल क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
19. विक्रय प्रमाणपत्र केवल उन्हीं व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम जारी किया जाएगा जिनके नाम बोली प्रपत्र में उल्लिखित हैं।
20. विक्रय प्रमाणपत्र में बोली प्रपत्र में उल्लिख